कार्यालय प्राचार्य, शासकीय रानी दुर्गावती महाविद्यालय वाड्रफनगर,
जिला–बलरामपुर–रामानुजगंज(छ0ग0)

(NAAC ACCREDITED)

संत गहिरा गुरू विश्वविद्यालय सरगुजा, अम्बिकापुर से संबद्ध
College Code - 3602 Mo.No. - 9451589329
Website:- http://www.govtcollegewadrafnagar.ac.in Email ID :- ranidurgawati001@gmail.com

क्रमांक 869 / स्था. / 2026 वाड्रफनगर दिनांक 06 / 01 / 2026

# अतिथि व्याख्याता हेतु विस्तृत विज्ञापन

कार्यालय आयुक्त, उच्च शिक्षा संचालनालय रायपुर का पत्र क्रमांक 289 / 01 / आउशि / राज. स्था / 2025 नवा रायपुर, दिनांक 23 / 07 / 2025 एवं छ०ग० शासन, उच्च शिक्षा विभाग मंत्रालय के आदेश क्र. ESTB-1027/1216/2025/38-1 दिनांक 23 / 07 / 2025 के आदेशानुसार ''अतिथि व्याख्याता नीति –2024'' के अन्तर्गत शासकीय रानी दुर्गावती महाविद्यालय वाड्रफनगर जिला– बलरामपुर – रा.गंज (छ.ग.) में अतिथि व्याख्याता के रूप में अध्यापन व्यवस्था हेतु योग्य एवं निर्धारित अर्हताधारी आवेदकों से अतिथि व्याख्याता एवं अतिथि शिक्षण सहायक हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं। आवेदक अपने समस्त प्रमाण पत्र एवं आवश्यक दस्तावेज के साथ आवेदन **दिनांक 15 / 01 / 2026 को सायं 05:00 बजे तक केवल रजिस्टर्ड डाक अथवा वाहक के हस्ते (कार्यालय से पावती प्राप्त करें) पता–कार्यालय प्राचार्य, शासकीय रानी दुर्गावती महाविद्यालय वाड्रफनगर जिला–बलरामपुर–रा.गंज (छ.ग.) पिन कोड–497225 पर प्रस्तुत कर सकते है।** निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जावेगा।

**आवश्यक शैक्षणिक एवं अन्य अर्हता :–**

1. अतिथि व्याख्याता को कार्य करने के लिए न्यूनतम शैक्षणिक अर्हता विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (विश्वविद्यालय और महाविद्यालयों में शिक्षकों और अन्य शैक्षणिक कर्मचारी की नियुक्ति हेतु न्यूनतम अर्हताएं तथा उच्चतर शिक्षा में मानकों के रख–रखाव हेतु अन्य उपाय) संबंधी विनियम, 2018 के प्रावधानों के अनुरूप होगी। इस व्यवस्था के अंतर्गत अतिथि व्याख्याता / अतिथि शिक्षण सहायक के लिए स्नातकोत्तर स्तर पर न्यूनतम 55 प्रतिशत अंक होने चाहिए एवं अनुसूचित जाति / जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग (असंपन्न वर्ग ) एवं दिव्यांगजन अभ्यर्थियों के लिए स्नातकोत्तर पर न्यूनतम 50 प्रतिशत अंक होने चाहिए।
2. **आयु सीमा :–** अतिथि व्याख्याता / अतिथि शिक्षण सहायक अधिकतम 65 वर्ष ।
3. **छत्तीसगढ़ के मूल निवासी अभ्यर्थियों को प्राथमिकता दी जायेगी।**

प्राचार्य
शास० रानी दुर्गावती महाविद्यालय
वाड्रफनगर, जिला– बलरामपुर (छ0ग0)

**विषय / पदों का विवरण :–**

| क्र. | अध्ययनशाला एवं विषय | रिक्त पद एवं संख्या | | | अतिथि व्याख्याता / अतिथि शिक्षण सहायक के कुल रिक्त पद |
|---|---|---|---|---|---|
| | | प्राध्यापक | सह–प्राध्यापक | सहा. प्राध्यापक | |
| 01 | वाणिज्य | 0 | 0 | 01 | 01 |
| **कुल पद** | | **0** | **0** | **01** | **01** |

टीप–1. *संबंधित विषयों में नवीन नियुक्ति / नियमित पदस्थापना या स्थानांतरण के फलस्वरूप पद भर जाने पर उक्त पद के विरूद्ध कार्यरत अतिथि व्याख्याता एवं अन्य की सेवा स्वतः समाप्त हो जायेगी।*

**शर्तें :–**

1. आवेदन के साथ मूल निवासी प्रमाण पत्र, 10वीं, 12वी, स्नातक, स्नातकोत्तर, सेट / नेट, एम फिल / पी–एच.डी. अनुभव प्रमाण पत्र संलग्न करें।
2. दिनांक 15 / 01 / 2026 तक कार्यालयीन समय में निर्धारित प्रारूप में डाक के माध्यम से अथवा स्वयं उपस्थित होकर आवेदन कर सकते हैं। प्राप्त आवेदनों को ही गुणानुक्रम सूची में शामिल किया जावेगा। ई–मेल से भेजे गये आवेदन को मान्य नहीं किया जावेगा।
3. अंतिम तिथि तक महाविद्यालय में प्राप्त आवेदनों पर अतिथि व्याख्याता नीति –2024 के नियमानुसार मेरिट सूची तैयार की जावेगी।
4. प्राप्त आवेदनों की पदवार अनंतिम मेरिट सूची का प्रकाशन दिनांक 16 / 01 / 2026 को महाविद्यालय के सूचना पटल व वेबसाईट पर प्रकाशित किया जायेगा।
5. गुणानुक्रम अनुसार अनंतिम सूची में दावा आपत्ति की तिथि 19 / 01 / 2026 समय सायं 5:00 तक होगी।
6. अंतिम सूची का प्रकाशन दिनांक 21 / 01 / 2026 को किया जावेगा। जिसका अवलोकन महाविद्यालय की वेबसाईट : http://www.govtcollegewadrafnagar.ac.in एवं सूचना पटल में किया जायेगा।
7. आमंत्रित अभ्यर्थी को कार्यभार ग्रहण करने के समय इस आशय का शपथ पत्र देना होगा कि संबंधित के विरूद्ध पुलिस / न्यायालय में कोई आपराधिक प्रकरण विचाराधीन नहीं है। साथ ही अभ्यर्थी किसी अन्य शासकीय / अर्धशासकीय सेवा में नहीं है एवं पूर्व में किसी विश्वविद्यालय / महाविद्यालय में शिकायत / कार्य संतोषजनक नहीं पाये जाने के आधार पर अभ्यर्थी की सेवाएं समाप्त नहीं की गई है।
8. आवेदन उपरांत संबंधित आमंत्रित चयनित अभ्यर्थी यदि समय सीमा में कर्तव्य स्थल पर उपस्थित नहीं होता है तो उसे उस दशा में अगले चरणों में सम्मिलित नहीं किया जावेगा।
9. अतिथि व्याख्याताओं एवं अन्य की सेवाएं भविष्य में नियमितिकरण का आधार नहीं होगा।

0. अतिथि व्यवस्था के अंतर्गत देय/मानदेय निम्नानुसार होगाः–

| क्र. | विवरण | अतिथि व्याख्याता | अतिथि शिक्षण सहायक |
|---|---|---|---|
| (अ) | 40–45 मिनट के एक व्याख्यान के लिये | | |
| 1 | 40–45 मिनट के एक व्याख्यान के लिये | 400/– | 300/– |
| 2 | चार कालखंडो के लिये प्रतिदिन अधिकतम मानदेय | 1600/–<br>(41,600/–प्रतिमाह अधिकतम) | 1200/–<br>(30,000/–प्रतिमाह अधिकतम) |
| (ब) | 60 मिनट के एक व्याख्यान के लिये | | |
| 3 | 60 मिनट के एक व्याख्यान के लिये | 500/– | 350/– |
| 4 | चार कालखंडो के लिये प्रतिदिन अधिकतम मानदेय | 2000/–<br>(50,000/–प्रतिमाह अधिकतम) | 1400/–<br>(35,000/–प्रतिमाह अधिकतम) |

11. आवेदक निर्धारित प्रारूप में बंद लिफाफे के उपर पत्राचार का पता **प्राचार्य, शासकीय रानी दुर्गावती महाविद्यालय वाड्रफनगर जिला– बलरामपुर–रा.गंज (छ.ग.) पिनकोड–497225 एवं आवेदित विषय एवं आवेदित पद आवश्यक रूप से लिखें।**
12. इस विज्ञापन के तहत व्यवस्था किये गये अतिथि व्याख्याता एवं अन्य को विश्वविद्यालयीन /महाविद्यालयीन स्थापना के अंतर्गत नहीं माना जायेगा और वे लोक सेवक की विधिविहित परिभाषा के अंतर्गत लोक सेवक नहीं कहलायेंगे।
13. संस्थान मे इस व्यवस्था के अंतर्गत ,कार्यरत यदि लगातार 15 दिवस तक अनुपस्थित रहता है तो उसकी व्यवस्था स्वतः समाप्त हो जायेगी। जिसकी कार्यवाही संबंधित संस्था प्रमुख द्वारा की जावेगी।
14. इन्हें सर्वत्र अनुशासन बनाये रखना होगा तथा संस्था प्रमुख के निर्देशों का पालन करना अनिवार्य होगा।
15. रिक्त पदों की संख्या में परिवर्तन संभव है।
16. कक्षाओं के संचालन के साथ साथ संस्था प्रमुख के निर्देशानुसार अध्यापन के अतिरिक्त कार्य यथा प्रवेश, परीक्षा, छात्रसंघ चुनाव, योजनाओं का संचालन, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम, क्रीडा–गतिविधियां, युवा उत्सव, आंतरिक परीक्षाओं का संचालन एवं मूल्यांकन, नैक मूल्यांकन संबंधी कार्यों में ये सहयोग प्रदान करेंगे।
17. यदि कार्य अवधि के शैक्षणिक सत्र में इनकी अध्यापन कार्य संबंधी अथवा अन्य शिकायतें प्राप्त होती हैं तो सेवायें तत्काल समाप्त की जा सकेंगी तथा वे आगामी शैक्षणिक सत्रों में अध्यापन कार्य हेतु पात्र नहीं होंगे।
18. संलग्न निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र नहीं होने पर स्वीकार नहीं किया जावेगा। ।

Principal
प्राचार्य
Govt. Degree College
Wadrafnagar, Balrampur (C.G.)
शास० रानी दुर्गावती महाविद्यालय
वाड्रफनगर, जिला– बलरामपुर (छ०ग०)